# चित्रकूट-पुलिस

**(1) प्रेसनोट- चित्रकूट पुलिस**
**दिनांक-23.10.2025**

"मिशन शक्ति फेज-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित "मिशन शक्ति अभियान-5.0'

*सम्मान, स्वालंबन को समर्पित मिशन शक्ति फेज-5.0' पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति टीम थाना बरगढ़ द्वारा अशोक चौराहा , , मिशन शक्ति टीम थाना भरतकूप द्वारा गौतम बुद्ध नगर में, मिशन शक्ति टीम पहाड़ी द्वारा कस्बा पहाड़ी में ,मिशन शक्ति टीम थाना रैपुरा द्वारा कस्बा रैपुरा में, महिला थाना मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कर्वी रेलवे स्टेशन में, मिशन शक्ति टीम थाना पहाड़ी द्वारा कस्बा पहाड़ी में एवं अन्य समस्त थानों की एन्टीरोमियो टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में "मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत छात्र/छात्राओ, महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।*

*इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-*

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डों,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर

अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक डायल-112 निरीक्षक श्री शभुदयाल मौर्या के मार्गदर्शन में थाना बहिलपुरवा क्षेत्र में पीआरवी 5087 पर तैनात आरक्षी सत्यम सिंह तोमर,होमगार्ड राजेश द्वारा आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला की जान बचाई गयी।

उल्लेखनीय है कि दिनांक- 23/10/2025 को समय- 08:24 बजे इवेंट नंबर- 04061 के माध्यम से कॉलर सीमा श्रीवास्तव द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि वह पति,पत्नी के आपसी विवाद की वजह से आत्महत्या कर रही है इस सूचना पर पीआरवी 5087 तत्काल प्रभाव से रवाना होकर घटनास्थल ग्राम ऐचवारा पहुंची तो देखा कि कॉलर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया है खोल नहीं रही है, पीआरवी कमाण्डर आरक्षी सत्यम सिंह तोमर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कॉलर को समझाया कि कमरा खोल दो लेकिन कॉलर कमरा नहीं खोल रही थी कमांडर द्वारा दरवाजा को धक्का मारकर तोड़ा तो कॉलर साड़ी का फंदा बनाकर फाँसी लगाने की कोशिश कर रही थी पीआरवी टीम द्वारा तुरंत कॉलर को ऊपर उठाया और परिजनों से फंदा कटवाया और कॉलर को सुरक्षित नीचे उतारा इस तरह महिला द्वारा आत्महत्या कर रही कॉलर को सुरक्षित बचाया गया।

घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को सूचना दी गई। वहां पर मौजूद लोगों द्वारा डायल 112 परियोजना व पीआरवी टीम की भूरी भूरी प्रशंसा की गई है।